Cambridge Assessment
International Education

# Cambridge International A Level

**HINDI** **9687/04**

Paper 4 Texts **October/November 2020**

**2 hours 30 minutes**

*0367300320*

You must answer on the enclosed answer booklet.

You will need: Answer booklet (enclosed)

**INSTRUCTIONS**
- Answer **three** questions in total in **Hindi**, each on a different text:
  Answer **at least one question** from Section 1.
  Answer **at least one question** from Section 2.
  Answer **one other question** from **either** Section 1 **or** Section 2.
- Follow the instructions on the front cover of the answer booklet. If you need additional answer paper, ask the invigilator for a continuation booklet.
- Dictionaries are **not** allowed.
- You may **not** take set texts into the examination.

**INFORMATION**
- The total mark for this paper is 75.
- Each question is worth 25 marks.

**निर्देश**
- कुल **तीन** प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में दें, प्रत्येक भिन्न-भिन्न विषय पर:
  खंड 1 में से **कम से कम एक प्रश्न** का उत्तर दें।
  खंड 2 में से **कम से कम एक प्रश्न** का उत्तर दें।
  खंड 1 **या** 2 में से **एक और प्रश्न** का उत्तर दें।
- उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें। यदि आपको अतिरिक्त उत्तर-पुस्तिका चाहिए तो निरीक्षक से माँग लें।
- शब्दकोश के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है।
- आप परीक्षा में निर्धारित पाठ्य-पुस्तक **नहीं** ले जा सकते हैं।

**सूचना**
- इस परीक्षा के कुल अंक 75 हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के 25 अंक हैं।

This document has **8** pages. Blank pages are indicated.


© UCLES 2020

https://xtremepape.rs/

**उत्तर-पुस्तिका के लिए निर्देश**

काली या गहरी नीली स्याही वाली कलम का प्रयोग करें।

आप किसी भी आरेख या ग्राफ के लिए एचबी पेंसिल का उपयोग कर सकते हैं।

उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें। निर्देश नीचे **हिन्दी** में भी दिए गए हैं।


यदि आपको अतिरिक्त उत्तर-पुस्तिका चाहिए तो निरीक्षक से माँग लें।

मिटने वाले पेन या करेक्शन्-फ़्लूइड का प्रयोग **न** करें।

किसी भी बारकोड पर **न** लिखें।

अपने उत्तर इस पुस्तिका में लिखें। पृष्ठ के दोनों भागों का प्रयोग करें। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के बीच में दो रेखाएं रिक्त छोड़ दें।

जिस प्रश्न का आप उत्तर दे रहे हैं उसकी संख्या पहले हाशिये में लिखें।




आप जिन प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं उनमें यदि भाग शामिल हैं, उदाहरण के लिए 1(ए), तो दूसरे हाशिये में प्रश्न का भाग लिखें।

इस उत्तर पुस्तिका में अपना सभी कच्चा काम पेन से करें। अपठनीय किए बिना ऐसा कुछ भी काट दें जिसे आप **नहीं** चाहते हैं कि परीक्षक चिन्हित करे।

इस पुस्तिका के किसी भी भाग को **न** फाड़ें।

आप अपने सारे पेपर जमा कर दें। यदि आपने किसी अतिरिक्त पुस्तिका का उपयोग किया है, तो उसे इस पुस्तिका के अंदर डालें।



https://xtremepape.rs/

BLANK PAGE



https://xtremepape.rs/

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक प्रश्न भिन्न-भिन्न पाठ्य-पुस्तक से चुना जाना चाहिए। **भाग 1** से **एक** प्रश्न, **भाग 2** से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है और **तीसरा** प्रश्न किसी भी भाग से चुना जा सकता है। अपने उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका पर **हिन्दी** में लिखें।

# भाग 1

## 1 सूरसागर सार - सूरदास और श्री रामचरितमानस - तुलसीदास

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **केवल एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** दंड जतिन्ह कर भेद जहँ नर्तक नृत्य समाज ।
जीतहु मनहि सुनिअ अस रामचंद्र कें राज ।।22।।
फूलहिं फरहिं सदा तरु कानन । रहहिं एक सँग गज पंचानन ।।
खग मृग सहज बयरु बिसराई । सबन्हि परस्पर प्रीति बढ़ाई ।।1।।
कूजहिं खग मृग नाना बृंदा । अभय चरहिं बन करहिं अनंदा ।।
सीतल सुरभि पवन बह मंदा । गुंजत अलि लै चलि मकरंदा ।।2।।
लता बिटप मागें मधु चवहीं । मनभावतो धेनु पय स्रवहीं ।।
ससि संपन्न सदा रह धरनी । त्रेताँ भइ कृतजुग कै करनी ।।3।।
प्रगटीं गिरिन्ह बिबिध मनि खानी । जगदातमा भूप जग जानी ।।
सरिता सकल बहहिं बर बारी । सीतल अमल स्वाद सुखकारी ।।4।।
सागर निज मरजादाँ रहहीं । डारहिं रत्न तटन्हि नर लहहीं ।।
सरसिज संकुल सकल तड़ागा । अति प्रसन्न दस दिसा बिभागा ।।5।।

उत्तरकाण्ड ।।22।।

उपर्युक्त उद्धरण की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। रामराज्य की परिकल्पना में तुलसीदास ने अपने आराध्य श्री राम के किस रूप की प्रशस्ति की है? [25]

**या**

**(b)** "वात्सल्य के क्षेत्र में जितना अधिक उद्घाटन सूर ने अपनी बंद आँखों से किया, उतना और किसी कवि ने नहीं, वे इसका कोना-कोना झांक आए हैं।" 'सूरसागर सार' के पाठ्यक्रम में निर्धारित अंश से उदाहरण सहित लिखें कि इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? [25]

© UCLES 2020


https://xtremepape.rs/

## 2 प्रसाद, निराला, महादेवी, पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **केवल एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** बीती विभावरी जाग री!
अम्बर पनघट में डुबो रही -
तारा-घट ऊषा नागरी।

खग-कुल कुल कुल सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई -
मधु मुकुल नवल रस गागरी।

अधरों में राग अमंद पिये,
अलकों में मलयज बन्द किये -
तू अब तक सोई है आली!
आँखों में भरे विहाग री!

जाग री!

उपर्युक्त कविता की सप्रसंग व्याख्या करते हुए इसमें प्रस्तुत छायावाद की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [25]

**या**

**(b)** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की 'ध्वनि' और 'गहन है यह अंध कारा' कविताओं का विश्लेषण करते हुए लिखिए कि ये कविताएँ उनकी किन मन:स्थितियों को अभिव्यक्त करती हैं? [25]



https://xtremepape.rs/

## 3 साकेत - मैथिली शरण गुप्त

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **केवल एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** वेदने, तू भी भली बनी!
पाई मैंने आज तुझीमें अपनी चाह घनी।
नई किरण छोड़ी है तूने, तू वह हीर - कनी,
सजग रहूँ मैं, साल हृदय में, ओ प्रिय-विशिख-अनी!
ठंडी होगी देह न मेरी, रहे दृगम्बु, सनी,
तू ही उसे उष्ण रक्खेगी मेरी तपन - मनी!
आ, अभाव की एक आत्मजे, और अदृष्टि-जनी!
तेरी ही छाती है सचमुच उपमोचितस्तनी!
अरी वियोग-समाधि, अनोखी, तू क्या ठीक ठनी,
अपने को, प्रिय को, जगती को देखूँ खिंची तनी।
मन-सा मानिक मुझे मिला है तुझमें उपल-खनी,
तुझे तभी छोड़ूँ जब सजनी, पाऊँ प्राण - धनी।

नवम सर्ग

उपर्युक्त पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करते हुए उसके काव्य-सौंदर्य पर टिप्पणी कीजिए। [25]

**या**

**(b)** "गुप्त जी राम भक्त हैं, पर 'साकेत' उर्मिला का स्मृति काव्य है", पाठ्यक्रम में निर्धारित अंशों से उदाहरण देते हुए इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। [25]



https://xtremepape.rs/

# <u>भाग 2</u>

## 4 आधे-अधूरे - मोहन राकेश

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से <u>**केवल एक प्रश्न**</u> का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** 'आधे-अधूरे' नाटक में महेन्द्रनाथ "ज़िन्दगी से अपनी लड़ाई हार चुकने की छटपटाहट लिए हुए है।" नाटक के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए। [25]

**या**

**(b)** 'आधे-अधूरे' नाटक की कथावस्तु का विश्लेषण करते हुए लिखिए कि मोहन राकेश ने समसामयिक जीवन की विडम्बनाओं के किन पहलुओं को रेखांकित किया है? [25]

## 5 आधुनिक कहानी संग्रह - सरोजिनी शर्मा

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से <u>**केवल एक प्रश्न**</u> का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** 'प्रेमचन्द सामाजिक यथार्थ का चित्रण करते समय उससे पराजित नहीं होते', 'नमक का दरोगा' कहानी के आधार पर अपने विचार लिखिए। [25]

**या**

**(b)** निर्मल वर्मा ने 'सुबह की सैर' में निहालचन्द्र के जीवन की किस समस्या का चित्रण किया है? कथावस्तु के विवरण सहित लिखिए। [25]

## 6 मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ - सम्पादक: अभिमन्यु अनत

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से <u>**केवल एक प्रश्न**</u> का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** मुनीश्वरनाथ चिंतामणि ने 'मौत का सौदागर में किस सामाजिक यथार्थ का चित्रण किया है? [25]

**या**

**(b)** 'टूटा पहिया' कहानी में अभिमन्यु अनत स्वाधीनता के बाद हुए मोहभंग को चित्रित करने में कहाँ तक सफल हुए हैं? [25]

© UCLES 2020


https://xtremepape.rs/

**BLANK PAGE**

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

To avoid the issue of disclosure of answer-related information to candidates, all copyright acknowledgements are reproduced online in the Cambridge Assessment International Education Copyright Acknowledgements Booklet. This is produced for each series of examinations and is freely available to download at www.cambridgeinternational.org after the live examination series.

Cambridge Assessment International Education is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of the University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which itself is a department of the University of Cambridge.



https://xtremepape.rs/